# माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Email ID – registrar@msuniversity.ac.in


पत्रांक : 2199 / 29 / प्रशा0 / MSU / 2023–24 दिनांक : 02-03-24

सेवा में,

01. प्राचार्य / प्राचार्या
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय

विषय – सत्र 2022–23 महाविद्यालय का AISHE प्रमाण–पत्र प्रेषित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व में प्रेषित पत्र संख्या–1949 / 29 / प्रशा0 / MSU / 2023–24, दिनांक : 07.02.2024 एवं 2123 / 29 / प्रशा0 / MSU / 2023–24, दिनांक : 19.02.2024 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध संस्थाओं को अखिल भारतीय उच्चतर शिक्षा सर्वेक्षण के पोर्टल पर डी0सी0एफ0 एवं टी0आई0एफ0 डाटा अपलोड किये जाने की अपेक्षा की गई थी।

उक्त के सम्बन्ध में राज्य नोडल अधिकारी, अखिल भारतीय उच्चतर शिक्षा सर्वेक्षण(उ0प्र0) के संलग्न पत्र संख्या–71/SNO-UP/AISHE/08/19, दिनांक : 18 फरवरी, 2024 द्वारा अवगत कराया गया है कि जिन संस्थानों द्वारा शैक्षिक सत्र 2022–23 में अखिल भारतीय उच्चतर शिक्षा सर्वेक्षण डाटा अपलोड नहीं किया जायेगा, उन संस्थानों की मान्यता / सम्बद्धता स्थायी रूप से समाप्त किये जाने की कार्यवाही नियमानुसार शासन स्तर से की जायेगी।

इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निर्देश हुआ है कि विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय सत्र 2022–23 का AISHE प्रमाण–पत्र अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में दिनांक : 07.03.2024 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। जिससे शासन को यथासमय अवगत कराया जा सके।

संलग्नक–यथोपरि।

भवदीय,

(वीरेन्द्र कुमार मौर्य)
कुलसचिव

प्रतिलिपि अधोलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

01. राज्य नोडल अधिकारी, अखिल भारतीय उच्चतर शिक्षा सर्वेक्षण(उ0प्र0)
02. निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन
03. कुलपति कार्यालय को कुलपति महोदय के सूचनार्थ।

कुलसचिव

# माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in
Email ID – registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांक : 2123/29/प्रशा0/MSU/2023–24 दिनांक : 19-2-24

सेवा में,

01. प्राचार्य/प्राचार्या
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय

02. समन्वयक शैक्षणिक
विश्वविद्यालय परिसर

विषय –उच्चतर शिक्षा विभाग, भारत सरकार, नई दिल्ली के पोर्टल पर डी0सी0एफ0 एवं टी0आई0एफ0 का डाटा अपलोड किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व में प्रेषित पत्र संख्या–1949/29/प्रशा0/MSU/2023–24, दिनांक : 07.02.2024 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध संस्थाओं को अखिल भारतीय उच्चतर शिक्षा सर्वेक्षण के पोर्टल पर डी0सी0एफ0 एवं टी0आई0एफ0 डाटा दिनांक : 15.02.2024 तक अपलोड किये जाने की अपेक्षा की गई थी।

उक्त के सम्बन्ध में राज्य नोडल अधिकारी, अखिल भारतीय उच्चतर शिक्षा सर्वेक्षण(उ0प्र0) के संलग्न पत्र संख्या–71/SNO-UP/AISHE/08/19, दिनांक : 18 फरवरी, 2024 द्वारा अवगत कराया गया है कि समस्त संस्थानों के डी0सी0एफ0 एवं टी0आई0एफ0 डाटा अपलोड करने का प्रतिशत 75 से भी कम था, जिस पर भारत सरकार द्वारा अत्यन्त ही खेद व्यक्त किया गया है तथा प्रकरण को गम्भीरता से लिया गया है। उक्त के दृष्टिगत शैक्षिक सत्र 2022–23 का डाटा अखिल भारतीय उच्चतर शिक्षा सर्वेक्षण के पोर्टल पर डी0सी0एफ0 एवं टी0आई0एफ0 दिनांक : 22.02.2024 तक अपलोड करने हेतु निर्देशित किया गया है।

अतः संलग्न उल्लिखित पत्र में दिये गये निर्देशों का अनुपालन कराते हुये डी0सी0एफ0 एवं टी0आई0एफ0 का डाटा दिनांक : 22.02.2024 तक अपलोड करना सुनिश्चित करें।

संलग्नक–यथोपरि।

भवदीय,

(वीरेन्द्र कुमार मौर्य)
कुलसचिव

प्रतिलिपि अधोलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

01 राज्य नोडल अधिकारी, अखिल भारतीय उच्चतर शिक्षा सर्वेक्षण(उ0प्र0)

02 निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन

03 कुलपति कार्यालय को कुलपति महोदय के सूचनार्थ।

कुलसचिव

# अखिल भारतीय उच्चतर शिक्षा सर्वेक्षण (उ0प्र0)

(All India Survey on Higher Education, U.P)

Phone No: 0522- 2287977 Email: aishecellup@gmail.com


पत्रांक: 71/SNO-UP/AISHE/8/19 दिनांक :18.02.2024

अनुस्मारक

सेवा में,

कुलसचिव,
समस्त राज्य विश्वविद्यालय,
उ0प्र0।

विषयः– अखिल भारतीय उच्चतर शिक्षा सर्वेक्षण के पोर्टल पर डी0सी0एफ0 एवं टी0आई0एफ0 का डाटा अपलोड किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया अवगत कराना है वर्ष 2022–23 हेतु अखिल भारतीय उच्चतर शिक्षा सर्वेक्षण कार्य भारत सरकार द्वारा aishe.gov.in के पोर्टल पर दिनांक 15.01.2024 से डाटा अपलोड किये जाने का कार्य प्रारम्भ किया जा चुका है। उल्लेखनीय है कि सर्वेक्षण में गत् शैक्षिक वर्ष में उत्तर प्रदेश के समस्त संस्थानों के डी0सी0एफ0/टी0सी0एफ0 डाटा अपलोड करने का प्रतिशत 75 से भी कम था। जिस पर भारत सरकार द्वारा अत्यन्त ही खेद व्यक्त किया गया है तथा प्रकरण को गम्भीरता से लिया गया है।

अतः आपसे अनुरोध है **अपने विश्वविद्यालय** को अखिल भारतीय उच्चतर शिक्षा सर्वेक्षण का डाटा दिनांक 22.02.2024 तक अपलोड करने हेतु आदेशित करने का कष्ट करें।

सूच्य है कि वर्तमान शैक्षिक सत्र 2022–23 में जिन संस्थानों द्वारा अखिल भारतीय उच्चतर शिक्षा सर्वेक्षण में समय से डाटा अपलोड नही किया जायेगा, उन संस्थानों की मान्यता/सम्बद्धता स्थायी रूप से भविष्य में समाप्त किये जाने की कार्यवाही नियमानुसार शासन स्तर से की जायेगी।

भवदीय,

Sanjay

(संजय कुमार दिवाकर)
राज्य नोडल अधिकारी,
अखिल भारतीय उच्चतर शिक्षा सर्वेक्षण,
उत्तरप्रदेश।

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ :–

3. निजी सचिव, कुलपति, समस्तराज्य विश्वविद्यालय को मा0 कुलपतिमहोदय के अवगतार्थ।
4. निजी सचिव, अपरमुख्य सचिव, उच्चशिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।

(संजय कुमार दिवाकर)
राज्य नोडल अधिकारी,
अखिल भारतीय उच्चतर शिक्षा सर्वेक्षण,


**Office Address**: 651-652, Indira Bhawan, Ashok Marg, Lucknow (U.P.) 226001